# इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सर्वाधिक महत्वपूर्ण नियम व शर्तें (एम.आई.टी.सी.)

## 22.11.2024 से प्रभावी

ये सर्वाधिक महत्वपूर्ण नियम व शर्तें ("एम.आई.टी.सी.") इंडियन बैंक (बैंक) द्वारा अपने सह-ब्रांडिंग भागीदार, वनकंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड") के साथ मिलकर जारी किए गए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लागू होती हैं।

वनकार्ड ऐप से अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करने, अथवा 'जमा करें' या 'मैं सहमत हूँ' या इसी तरह के किसी टैब/आइकन पर क्लिक करने का मतलब यह है कि, कार्डधारक/कार्डसदस्य/उपयोगकर्ता (आप) नीचे दिए गए नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करते हैं।

MITCs  विस्तृत नियमों एवं शर्तों के अलावा हैं, जिन्हें उसके साथ पढ़ा जाना है, तथा इनमें समय-समय पर बदलाव किए जा सकते हैं। नवीनतम संस्करण  हमेशा बैंक की वेबसाइट के साथ-साथ वनकार्ड ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा।

सुविधा की दुनिया में आपका स्वागत है!

**वनकार्ड मोबाइल ऐप**

आप बेहद प्रभावशाली वनकार्ड मोबाइल ऐप के ज़रिये इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड को पूरी तरह से नियंत्रित कर सकते हैं, जिसके कुछ कार्य इस प्रकार हैं:

- अपना ऐप पिन सेट करें
- अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांड क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करें।
- इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान करें
- अपने वर्चुअल क्रेडिट कार्ड का प्रबंधन करें
- अपनी क्रेडिट और नकदी निकासी सीमा पर नियंत्रण रखें
- ऑनलाइन, घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उपयोग को सक्षम करें

- अपना इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन सेट करें (प्वाइंट ऑफ सेल और ए.टी.एम. पर उपयोग के लिए)
- अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के किसी भी पहलू पर विवाद या सेवा के संबंध में सवाल उठाएं
- अपने ओवरलिमिट ट्रांजैक्शन को नियंत्रित करना

हमने यह सुनिश्चित किया है कि आप ऑथेंटिकेशन के अपने पसंदीदा तरीके (फिंगरप्रिंट/पिन) के साथ खुद को प्रमाणित करने के बाद ही सुरक्षित माहौल में ऊपर बताए गए ट्रांजैक्शन कर सकते हैं। एक कार्डधारक होने के नाते, आपको ऐसे ट्रांजैक्शन की खासियतों और उनके प्रभाव की जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि वनकार्ड ऐप के भीतर अपनी गतिविधियों के लिए आप ही ज़िम्मेदार होंगे।

**वर्चुअल क्रेडिट कार्ड □□**

आपके पास मौजूद इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के अलावा, आपको ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया के तहत उसी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का एक वर्चुअल संस्करण भी दिया जाएगा, जो वनकार्ड ऐप पर उपलब्ध होगा।

यह वर्चुअल कार्ड वीज़ा द्वारा संचालित एक क्रेडिट कार्ड भी है, जिससे आप इसका उपयोग किसी भी ऑनलाइन या मोबाइल एप्लिकेशन पर आधारित ट्रांजैक्शन अथवा खरीदारी के लिए कर सकते हैं। सुरक्षा संबंधी मानदंड इस इंडस्ट्री के मानकों के अनुसार निर्धारित किए गए हैं।

**1. शुल्क एवं प्रभार □**

हम आपके जीवन को सरल रखने में यकीन रखते हैं और हमारे शुल्क भी उसी दिशा में हमारे प्रयासों को दर्शाते हैं।

जब तक आप अपनी स्वीकृत क्रेडिट सीमा के भीतर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, और देय तिथि तक पूरी बकाया राशि का भुगतान करते हैं, तब तक हम आपसे कोई शुल्क नहीं लेंगे। हालाँकि, भुगतान में विलंब होने या आंशिक भुगतान करने अथवा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का सीमा से अधिक उपयोग करने के मामलों में कुछ शुल्क लगाए जाएंगे।

यहाँ इन शुल्कों की सूची दी गई हैः

| प्रभारों की अनुसूची | | |
|---|---|---|
| | शुल्क एवं प्रभार | इकाई शुल्क |
| 01 | प्राथमिक या अतिरिक्त कार्डधारक के लिए सदस्यता शुल्क | शून्य |
| 02 | प्राथमिक या अतिरिक्त कार्डधारक के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क | शून्य |
| 03 | जारी करने का शुल्क (प्राथमिक कार्डधारक)<br>जारी करने का शुल्क (अतिरिक्त कार्डधारक)<br>प्लास्टिक कार्ड<br>मेटल कार्ड | शून्य<br>-<br>शून्य<br>₹3,000 |
| 04 | कार्ड रद्द करने का शुल्क<br>*अगर वर्चुअल कार्ड सक्रिय होने के 6 महीने के भीतर रद्द कर दिया जाए | **प्राथमिक कार्डधारक**<br>• मेटल कार्ड ₹3000<br>• प्लास्टिक कार्ड ₹500<br>**अतिरिक्त कार्डधारक**<br>• मेटल कार्ड शून्य<br>• प्लास्टिक कार्ड ₹500 |
| 05 | नकद अग्रिम शुल्क/ए. टी. एम. निकासी शुल्क | निकाली गई रकम का 2.5% |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | ट्रांजैक्शन पर आधारित सेवा शुल्क<br>**•रिवॉर्ड रिडीम करने पर शुल्क**<br>**•फ़ॉरेक्स मार्कअप शुल्क**<br>**•ओवर-लिमिट शुल्क**<br><br>किराया लेन-देन शुल्क<br>**•तीसरे पक्ष के मर्चेंट**<br>**•वनकार्ड ऐप में किराये का भुगतान**<br>**किराया सुविधा शुल्क**<br>**फ्यूल सरचार्ज में छूट**<br><br>₹10,000 **या उससे अधिक के संचयी खर्च पर वॉलेट अपलोड/ट्रांसफर शुल्क** | शून्य<br>लेन-देन राशि का 1%<br>ओवर-लिमिट राशि का 2.5% (न्यूनतम ₹500)<br><br>लेन-देन राशि का 1%<br>लेन-देन राशि का 0%<br>लेन-देन राशि का 2%<br>लेन-देन राशि का 1% और प्रति माह ₹400 तक सीमित<br><br>लेन-देन राशि का 1% |
| 07 | **कार्ड बदलने का शुल्क** | पहला प्लास्टिक कार्ड-शून्य<br>दूसरा प्लास्टिक कार्ड-₹145<br>तीसरा प्लास्टिक कार्ड-₹500<br>मेटल कार्ड- ₹3,000 |
| 08 | ब्याज मुक्त अवधि ** | 48 दिनों तक |
| 09 | ब्याज दर | 3.75% प्रति माह<br>45% सालाना |
| 10 | विलंबित भुगतान शुल्क | **बकाया राशि**<br>**शुल्क**<br>₹0-250<br>₹ 0<br>₹251-1000<br>₹250 |

| | | |
|---|---|---|
| | | ₹1001-5000<br>₹500<br>₹5001-25000<br>₹1000<br>₹25001 और उससे अधिक<br>₹1250 |
| **क्रमांक B** | **निकासी की सीमा** | - |
| 01 | क्रेडिट की सीमा | जैसा कि वनकार्ड ऐप में प्रदर्शित है |
| 02 | उपलब्ध क्रेडिट की सीमा | जैसा कि वनकार्ड ऐप में प्रदर्शित है |
| 03 | नकद निकासी सीमा | जैसा कि वनकार्ड ऐप में प्रदर्शित है |

**वन कार्ड**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सभी शुल्कों, ब्याज तथा अन्य प्रभारों पर लागू है, जो वर्तमान में 18% है तथा भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने पर इसमें बदलाव किया जा सकता है।

* ***एटीएम से नकद निकासी***

आप भारत और/या विदेश (नेपाल और भूटान में विदेशी मुद्रा लेनदेन को छोड़कर) में एटीएम से नकदी निकालने के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं, जो उक्त एटीएम पर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड की अनुकूलता के अनुरूप है। ऊपर बताया गया नकद निकासी शुल्क या एटीएम निकासी शुल्क ऐसी सभी तरह की निकासी पर लगाया जाएगा, जिसका बिल आपको अगले/आगामी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के विवरण में भेजा जाएगा।

*** ब्याज रहित अवधि*

ब्याज मुक्त अवधि 18 से 48 दिनों तक हो सकती है।

रियायती अवधि की गणना के लिए उदाहरण: 15 अप्रैल, 2021 से 15 मई, 2021 की अवधि के विवरण के लिए भुगतान की देय तिथि 2 जून, 2021 होगी। यह मानते हुए कि आपने पिछले महीने के विवरण में भुगतान की देय तिथि तक कुल देय राशि का भुगतान कर दिया है, रियायती अवधि इस प्रकार होगी:

1. 24 अप्रैल, 2021 की खरीदारी के लिए ब्याज मुक्त रियायती अवधि 24 अप्रैल, 2021 से 2 जून, 2021 तक, यानी 40 दिनों की होगी।
2. 14 मई, 2021 की खरीदारी के लिए ब्याज मुक्त रियायती अवधि 14 मई, 2021 से 2 जून, 2021 तक, यानी 20 दिनों की होगी।

कृपया याद रखें कि, अगर आपने पिछले महीने की बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया है तो ब्याज रहित अवधि की यह सुविधा आपको उपलब्ध नहीं होगी।

**** ब्याज दर*

यदि भुगतान की नियत तिथि तक कुल देय राशि/टीएडी का भुगतान नहीं किया जाता है तो ब्याज लगाया जाएगा। कुल देय राशि पर तथा सभी नए लेनदेन पर (लेनदेन की तिथि से) तब तक ब्याज लगाया जाएगा, जब तक कि पिछली बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं कर दिया जाता।*

हर दिन के अंत में, मौजूदा शेष राशि/बकाया राशि को दैनिक दर से गुणा करके दैनिक ब्याज शुल्क निकाला जाएगा, जिसे बाद में आपकी बकाया राशि में जोड़ दिया जाएगा। इसका एक

सरल सूत्र इस प्रकार होगा: ((दिनों की संख्या x संपूर्ण बकाया राशि x (प्रति माह ब्याज दर x 12 माह))/365 दिन।

वर्तमान में, सभी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड सदस्यों के लिए भुगतान नहीं की गई बकाया राशि पर ब्याज दर सालाना 45% या प्रति माह 3.75% है।

नमूना उदाहरण 1 (बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया गया)

खरीद :15 जनवरी, 2021 को ₹10,000

विवरण की तारीख :1 फरवरी, 2021

कुल देय राशि :₹10,000

भुगतान की देय तिथि :18 फरवरी, 2021

भुगतान किया गया :10 फरवरी, 2021 को ₹500

फरवरी में कोई दूसरा ट्रांजैक्शन नहीं किया गया।

ऊपर बताए गए सूत्र के अनुसार, ब्याज इस प्रकार लगाया जाएगा:

इस ब्याज पर वर्तमान में लागू दर (वर्तमान में 18 प्रतिशत) पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा, जो ₹97.75 है।

| [redacted] | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 10,000 | 15 से 31 जनवरी | 17 | (17x10000 × (3.75 / 100 × 12))/365 | 209.59 |
| ₹ 10,000 | 01 से 09 फरवरी | 9 | (9x10000x (3.75 / 100 × 12)) / 365 | 110.96 |
| ₹ 9,500 | 10 से 28 फरवरी | 19 | (19x9500 × (3.75 / 100 × 12)) / 365 | 222.53 |
| **लगाया गया ब्याज** | | | | **543.08** |

इसे बकाया राशि में जोड़ दिया जाएगा, और इस प्रकार 1 मार्च, 2021 को आपके विवरण में कुल देय राशि ₹10,140.84 (₹9,500 + ₹543.08 + ₹97.75) होगी।

नमूना उदाहरण 2 (वापस जोड़ी गई देय राशि, नई खरीदारी)

विवरण की तारीख :1 मार्च, 2021

कुल देय राशि :₹9,927.23

भुगतान की देय तिथि :18 मार्च, 2021

भुगतान किया गया :10 मार्च, 2021 को ₹500

नई खरीदारी :20 मार्च, 2021 को ₹5,000

ब्याज इस प्रकार लिया जाएगाः

इस ब्याज पर वर्तमान में लागू दर (वर्तमान में 18 प्रतिशत) पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

| [redacted] | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 9,927.23 | 01 से 09 मार्च | 9 | (9x9927.23 × (3.75 / 100 × 12)) / 365 | 110.15 |
| ₹ 9,427.23 | 10 से 19 मार्च | 10 | (10x9427.23 × (3.75 / 100 × 12)) / 365 | 116.23 |
| ₹ 14,427.53 | 20 से 31 मार्च | 12 | (12x14427.53 × (3.75 / 100 × 12)) / 365 | 213.45 |
| **लगाया गया ब्याज** | | | | **439.83** |

लगाया जाएगा, जो ₹79.17 है।

इसे बकाया राशि में जोड़ा जाएगा, और इस प्रकार 1 अप्रैल, 2020 को आपके विवरण में कुल देय राशि ₹14,910.24 (₹14,427.23 + ₹ 439.83 + ₹ 79.17) होगी।

*ध्यान दें: ये उदाहरण सांकेतिक हैं, जिनके माध्यम से यह दिखाया गया है कि ब्याज की गणना कैसे की जाती है और शुल्क कैसे लिया जाता है। वास्तविक राशि अलग-अलग मामलों के आधार पर भिन्न हो सकती है।*

न्यूनतम देय राशि में शुद्ध डेबिट का परिवर्तनीय प्रतिशत + पूर्ण सीमा से अधिक राशि + EMI पर ब्याज, शुल्क और कर सहित महीने के लिए बिल की गई EMI + पिछले विवरण में नहीं अदा की गई न्यूनतम बकाया राशि, यदि कोई हो, शामिल हैं।

न्यूनतम देय राशि का परिवर्तनीय प्रतिशत (5%-100%) के बीच हो सकता है, जो कार्डधारक की पुनर्भुगतान स्थिति पर आधारित होगी।

ब्याज दरें समय-समय पर बैंक और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए बदलावों के अधीन हैं।

*******विलंबित भुगतान शुल्क***

अगर भुगतान की देय तिथि तक कोई भुगतान नहीं किया गया है या न्यूनतम देय राशि से कम भुगतान प्राप्त होता है, तो आपसे देरी से भुगतान के लिए शुल्क ("विलंबित भुगतान शुल्क") लिया जाएगा। कार्डधारक की बकाया राशि के आधार पर विलंबित भुगतान शुल्क लगाया जाएगा, जो नीचे दिए गए ग्रिड के अनुसार होगा।

| विलंबित भुगतान शुल्क | |
|---|---|
| **बकाया राशि** | **शुल्क** |

| | |
|---|---|
| ₹0-250 | ₹0 |
| ₹251-1000 | ₹250 |
| ₹1001-5000 | ₹500 |
| ₹5001-25000 | ₹1000 |
| ₹25001 और उससे अधिक | ₹1250 |

**उदाहरण:**

मान लीजिए कि कुल देय राशि ₹5,000 है और भुगतान की देय तिथि 4 मई, 2020 है। अगर कार्डधारक भुगतान की देय तिथि तक न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं करता है, तो अगले बिल में देय तिथि पर ₹500 का विलंबित भुगतान शुल्क लगाया जाएगा। अगर बकाया राशि ₹1001 से ₹5000 के बीच हो, तो उसके लिए भुगतान शुल्क ₹500 है।

***ओवरलिमिट शुल्क:***

जब भी कार्डधारक ट्रांजैक्शन करते समय निर्धारित क्रेडिट सीमा का उल्लंघन करता है अथवा मर्चेंट से वास्तविक निपटान राशि प्राप्त करता है, तो हर बार ओवरलिमिट राशि का 2.5% या ₹500 (जो भी अधिक हो) ओवरलिमिट शुल्क लिया जाता है। ट्रांजैक्शन में ओवरलिमिट की अनुमति केवल तभी दी जाएगी, जब कार्डधारक ने ऐप से ओवरलिमिट कार्ड कंट्रोल को इनेबल किया हो।

***फ़ॉरेक्स मार्कअप शुल्क:***

विदेशी मुद्रा में ट्रांजैक्शन के लिए अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते समय, निपटान तिथि पर उस ट्रांजैक्शन की राशि को भारतीय रुपये ("INR" / "₹") में बदल दिया जाता है। यह आपके लेन-देन की तारीख से भिन्न हो सकता है।

अगर ट्रांजैक्शन USD ("अमेरिकी डॉलर") में नहीं है, तो उस राशि को पहले USD में बदला जाएगा, और फिर USD राशि को वीज़ा द्वारा प्रदान की गई दर के अनुसार INR में बदल दिया जाएगा। इस राशि पर फ़ॉरेक्स मार्कअप शुल्क लगाया जाएगा और मार्कअप शुल्क पर GST लागू होगा। अगर इस ट्रांजैक्शन को 30 दिनों के भीतर वापस कर दिया जाता है, तो मार्कअप शुल्क और GST कार्डधारक को वापस कर दिया जाएगा।
भारत से बाहर स्थित किसी मर्चेंट अथवा पेमेंट गेटवे पर भारतीय रुपये (INR) में ट्रांजैक्शन करने पर फ़ॉरेक्स मार्कअप शुल्क भी लगाया जाएगा।

***फ्यूल सरचार्ज में छूट:***

जब आप घरेलू स्तर पर ईंधन के लिए भुगतान हेतु इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो प्राप्तकर्ता (टर्मिनल की सुविधा देने वाला मर्चेंट का बैंक) द्वारा फ्यूल सरचार्ज लगाया जाता है। सरचार्ज में माफी, लेनदेन राशि के न्यूनतम 1% या लगाए गए वास्तविक अधिभार (जीएसटी को छोड़कर) में से जो भी कम होगी। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर किए गए ईंधन लेनदेन के लिए अधिकतम फ्यूल सरचार्ज छूट प्रति कैलेंडर माह प्रति खाता 400 रुपये तक सीमित होगी। इस तरह के उलटफेर में ऐसी खरीदारी पर चुकाया गया लागू कर शामिल नहीं होगा। ईंधन से संबंधित ट्रांजैक्शन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित नहीं होंगे।

***ई.एम.आई. में बदलना:***

यदि आप किसी भी लेन-देन को समान मासिक किस्त (ई.एम.आई.) में बदलना चाहते हैं, तो इस तरह ई.एम.आई. पर लागू शुल्क और विवरण ई.एम.आई. के नियमों व शर्तों के अधीन होंगे।

**B) निकासी की सीमाएँ**

आपकी क्रेडिट सीमा और नकद निकासी सीमा, दोनों परिवर्तनशील हैं। कुल क्रेडिट सीमा से उपयोग की गई सीमा को घटाकर उपलब्ध क्रेडिट सीमा की गणना की जाती है। अगर आप इस विकल्प के लिए पात्र हैं, तो आप वनकार्ड ऐप के ज़रिये अपनी क्रेडिट सीमा बढ़ाने का अनुरोध कर सकते हैं। मंजूरी मिलने के बाद, यह संशोधित राशि आपकी नई क्रेडिट सीमा होगी।

बैंक के पास आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के उपयोग के आधार पर, वनकार्ड ऐप के भीतर, आपके लिए क्रेडिट सीमा बढ़ाने की सिफारिश करने का अधिकार भी सुरक्षित है। यह अनुशंसा और इससे जुड़े नियम व शर्तें, अनुशंसा को स्वीकार करने से पहले आपको विचार करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

वनकार्ड ऐप के भीतर क्रेडिट सीमा में बढ़ोतरी से संबंधित दी गई शर्तों को पढ़ने एवं उसे सहमति जताने तथा सीमा बढ़ाने के लिए अपनी सहमति प्रदान करने के बाद, सिस्टम के माध्यम से आपके कार्ड की क्रेडिट सीमा बढ़ा दी जाएगी। वनकार्ड ऐप के भीतर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सीमा में बढ़ोतरी हेतु दिए गए सुझाव के लिए आपकी स्वीकृति, जहाँ आप विशेष रूप से सीमा में बढ़ोतरी को मान्य करते हैं और MITC से सहमत होते हैं, को आपकी सहमति माना जाएगा। बैंक और/या उसका अधिकृत सेवा प्रदाता ऐसी सहमति के डिजिटल रिकॉर्ड रखेगा और सीमा में बढ़ोतरी के कारण बाद में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में इसे सहमति के प्रमाण के रूप में मानेगा।

बैंक समय-समय पर आपके खाते की समीक्षा करेगा, जिसके पास आपके ट्रांजैक्शन के पैटर्न, रकम चुकाने से संबंधित व्यवहार एवं अन्य आंतरिक मानदंडों के आधार पर आपकी क्रेडिट सीमा को कम करने का अधिकार सुरक्षित है। आपको वनकार्ड ऐप और/या ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से इसकी सूचना दी जाएगी।

"उपलब्ध क्रेडिट सीमा" या "उपलब्ध नकद सीमा" का मतलब वह सीमा है, जिस तक आप क्रमशः खरीदारी कर सकते हैं या एटीएम से नकदी निकाल सकते हैं। नकद सीमा आपको दी गई कुल क्रेडिट सीमा का एक हिस्सा है, हालाँकि फिलहाल यह सुविधा कार्डधारकों के लिए उपलब्ध नहीं है। इसके सक्षम हो जाने पर आपको सूचना दी जाएगी।

**C) बिलिंग** 

i) बिलिंग का विवरण (भेजने की अवधि और तरीका)

आपका बिलिंग विवरण हर महीने वनकार्ड ऐप में दिखाई गई बिलिंग तिथि पर तैयार किया जाएगा, जिसे आप ऐप के प्रोफाइल सेक्शन से अपनी सुविधानुसार एक बार बदल सकते हैं। आप वनकार्ड ऐप में बिलिंग विवरण देख सकते हैं। इसमें सभी खरीदारी, चुकाई गई रकम, शुल्क, ब्याज प्रभार, रिफंड और करों का अलग-अलग ब्यौरा होगा। अगर किसी महीने में वनकार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया गया हो, तो विवरण में उल्लेख किया जाएगा कि उस महीने में कोई खर्च नहीं हुआ था। वनकार्ड ऐप में विवरण को पीडीएफ फॉर्मेट में देखने का विकल्प भी है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। बिलिंग विवरण को भुगतान की मांग से संबंधित सूचना माना जाएगा तथा इस संबंध में कोई अलग सूचना नहीं दी जाएगी।

वनकार्ड ऐप के प्रोफाइल सेक्शन से केवल एक बार बिलिंग चक्र में बदलाव किया जा सकता है। बिलिंग चक्र में बदलाव केवल तभी संभव होगा, जब कार्डधारक ने पिछले बिलिंग चक्र की न्यूनतम देय राशि का भुगतान कर दिया हो।

ii) न्यूनतम देय राशि

बिलिंग का विवरण प्राप्त होने (वर्तमान में 16 तारीख को और वनकार्ड ऐप से ऑनबोर्डिंग के बाद इसे बदलकर 5 तारीख किया गया है) के बाद, आप अपने विवरण के अनुसार कुल देय

राशि (टीएडी) या न्यूनतम देय राशि (एमएडी) के भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। शेष राशि को आने वाले महीनों में आगे बढ़ाया जा सकता है। न्यूनतम देय राशि इस प्रकार होगीः

i) बकाया राशि का 5 प्रतिशत या ₹100 (जो भी अधिक हो) के साथ-साथ

ii) पिछली बार अदा नहीं की गई न्यूनतम बकाया राशि, यदि कोई हो; और

iii) क्रेडिट सीमा से अधिक कोई भी राशि; तथा

iv) किसी भी देय किस्त (ईएमआई) की पूरी राशि (यदि लागू हो/जैसा लागू हो)

आप कुल देय राशि, अथवा न्यूनतम देय राशि और कुल देय राशि के बीच की राशि का भी भुगतान कर सकते हैं। विलंबित भुगतान शुल्क से बचने के लिए भुगतान देय तिथि से पहले किया जाना चाहिए। अगर निर्धारित तिथि तक कुल देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ब्याज लगाया जाएगा, भले ही न्यूनतम देय राशि का भुगतान कर दिया गया हो।

जब आप कोई भुगतान करते हैं, तो उसे इस क्रम में समायोजित किया जाता है:

ब्याज और करों के साथ बिल किए गए नकद अग्रिम शुल्क □ शुल्क, ब्याज और करों सहित बिल की गई खरीदारियां (जैसा लागू हो) □ ब्याज और करों के साथ बिल न किए गए नकद अग्रिम शुल्क □ शुल्क, ब्याज और करों के साथ बिल न की गई खरीदारियां (जैसा लागू हो)।

इनके भीतर, भुगतान को आगे निम्नानुसार समायोजित किया जाता हैः

कर □ शुल्क □ ब्याज □ खरीदारी

अगर कुल देय राशि ₹100 से कम हो, तो न्यूनतम देय राशि कुल देय राशि, अर्थात ₹100 के बराबर होगी।

| स्मार्ट बनें। कर्ज के जाल से बचें। | |
|---|---|
| हर महीने पूरी बकाया राशि या न्यूनतम देय राशि से अधिक का भुगतान करना | हर महीने केवल न्यूनतम देय राशि का भुगतान करना |

| | |
|---|---|
| ✓ **बकाया रकम तेजी से चुकाएँ**<br>✓ **कम ब्याज का भुगतान करें**<br>✓ **अपनी खर्च की सीमा में आजादी पाएँ**<br>✓ **अपना क्रेडिट स्कोर बेहतर बनाएँ** | पूरी बकाया राशि का भुगतान करने में लगभग 10 साल या उससे अधिक का समय लग सकता है। |

iii) धन वापसी/ शुल्क वापसी/अदायगी

किसी भी अतिरिक्त शुल्क से बचने के लिए, आपको वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में बिल किए गए ट्रांजैक्शन के लिए भुगतान करना होगा। भुगतान करते समय किसी भी रिफंड/ शुल्क वापसी/अदायगी, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड विवरण में नहीं दिखाई गई है, को आपकी ओर से कुल देय राशि (टीएडी) में समायोजित या कम नहीं की जानी चाहिए। रिफंड/शुल्क वापसी/अदायगी, यदि कोई हो, आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड खाते में तब दिखाई देगी, जब ऐसी रिफंड/शुल्क वापसी/अदायगी प्राप्त होगी और इन्हें आपके अगले इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में आपकी बकाया राशि में समायोजित किया जाएगा।

iv) भुगतान का तरीका

आप वनकार्ड ऐप से ही निम्नलिखित तरीकों से बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैंः

a) डेबिट कार्ड, b) नेट बैंकिंग और c) यू. पी. आई.

बैंक कार्डधारकों को सलाह देता है कि वे अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि (यदि कोई हो) का भुगतान ऊपर बताई गई भुगतान विधियों के माध्यम से करें। किसी तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट के माध्यम से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम का भुगतान करने पर, ऐसी बकाया राशि की अदायगी या निपटान के लिए टीएटी बहुत ज्यादा हो सकता है। यदि नियत तिथि तक बैंक को धनराशि प्राप्त नहीं होती है तो कार्ड वेरिएंट पर लागू दंड, ब्याज या कोई अन्य शुल्क लागू होगा। तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट के माध्यम से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर भुगतान बकाया के निपटान में देरी

होने/प्रतिबिंबित नहीं होने से उत्पन्न होने वाले किसी भी सवाल के लिए, कार्डधारक सीधे संबंधित तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं।

आप IMPS या NEFT के माध्यम से ऐप में दिए गए अद्‌वितीय इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड बैंक अकाउंट नंबर में भी भुगतान कर सकते हैं।

(v) बिलिंग संबंधी विवादों का समाधान

अगर आप हमें बिलिंग विवरण की तिथि से 30 दिनों के भीतर किसी भी विसंगति के बारे में सूचना नहीं देते हैं, तो उस स्थिति में माना जाएगा कि विवरण में दी गई सारी बातें सही हैं और आपने उन्हें स्वीकार किया है। बिलिंग संबंधी विवादों/विसंगतियों की स्थिति में, हम ऐसे ट्रांजैक्शन से जुड़ी देनदारी की जाँच करेंगे और पुष्टि करेंगे। कुछ विवादों के लिए, हम जाँच की अवधि के दौरान एक अस्थायी क्रेडिट की पेशकश कर सकते हैं, जिसे जाँच के नतीजे के आधार पर लागू शुल्कों के साथ वापस किया जा सकता है। किसी भी विवाद के मामले में शुल्क और प्रभार या ब्याज पर लगाया गया GST वापस नहीं किया जाएगा।

(vi) कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण

कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण : https://indianbank.in/departments/quick-contact/

अगर आपको किसी सहायता की जरूरत हो या आप कोई शिकायत दर्ज कराना चाहते हों, तो आप निम्नलिखित तरीके से ऐसा कर सकते हैं:

- वनकार्ड मोबाइल ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन में “सहायता चाहिए?” चुनें
- अपने सवालों या अपनी समस्या को help@getonecard.app पर ई-मेल करें
- हमारे हेल्पलाइन नंबर 1800-210-9111 पर हमें कॉल करें
- हमें लिखें: एफ.पी.एल. टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, वेस्ट बे, सर्वे नंबर 278, हिस्सा नंबर 4/3, पल्लोद फार्म, फेज II, बानेर, तालुका हवेली बानेर गांव, पुणे- 411045, महाराष्ट्र - भारत

(vii) शिकायत को निवारण हेतु आगे भेजना

शिकायत की पावती पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से एक विशिष्ट शिकायत संदर्भ संख्या के साथ भेजी जाएगी। शिकायत का जवाब 7 कार्य दिवसों में दिया जाएगा और इसकी सूचना पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी।

अगर आप नियमित चैनलों द्वारा दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप grievances@fplabs.tech पर ई-मेल भेज सकते हैं, जिस पर 7 कार्य दिवसों में प्रतिक्रिया दी जाएगी और पंजीकृत ई-मेल पर सूचित किया जाएगा।

इस स्तर से आगे शिकायत करने के लिए, आप https://apps.indianbank.in/cgrc/frm_cgrs_cust_welcome.aspx पर उनकी शिकायत निवारण प्रणाली के अनुसार बैंक से संपर्क कर सकते हैं।

शिकायत निवारण अधिकारी का संपर्क विवरणः

महाप्रबंधक (के.वाई.सी./ए.एम.एल.)

इंडियन बैंक, प्रधान कार्यालय,

नंबर-66, राजाजी सलाई,

चेन्नई-600001

ई-मेल- nodalofficer@indianbank.co.in

अगर ऊपर बताए गए माध्यमों से संपर्क करने के बाद भी 30 दिनों से अधिक समय तक आपकी समस्या का समाधान नहीं होता है, या संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है, तो आप बैंकिंग लोकपाल को स्वतंत्र समीक्षा के लिए लिख सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल योजना का विवरण भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/ पर उपलब्ध है।

viii) क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि की वापसी

मर्चेंट द्वारा उपलब्ध कराए गए नेटवर्क आईडेंटीफायर्स के आधार पर पहचाने गए लेनदेन के किसी भी रिफंड या रिवर्सल को निम्नलिखित तरीके से समायोजित किया जाएगा-

- अगर प्राप्त होने वाले रिफंड/रिवर्सल की राशि उस लेनदेन के लिए है जो मौजूदा बिलिंग चक्र से संबंधित है, जिसका बिल जनरेट नहीं किया गया है, तो रिफंड/रिवर्सल की राशि को मौजूदा बकाया शेष-राशि में समायोजित किया जाएगा।
- अगर प्राप्त होने वाले रिफंड/रिवर्सल की राशि उस लेनदेन के लिए है जिसका बिल पहले ही भेजा जा चुका है और कार्डधारक द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, तो रिफंड/रिवर्सल की राशि को बिल की गई कुल देय राशि (टीएडी) में समायोजित किया जाएगा।
- अगर प्राप्त होने वाले रिफंड/रिवर्सल की राशि उस लेनदेन के लिए है जिसका बिल और भुगतान कार्डधारक द्वारा किया गया है, तो ऐप में बताई गई समय-सीमा में लेनदेन की पुष्टि के आधार पर रिफंड/रिवर्सल की राशि कार्डधारक के बैंक खाते में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध होगी, जो कार्डधारक द्वारा क्रेडिट सीमा का अधिक उपयोग नहीं किए जाने के अधीन होगी। अगर कार्डधारक ऐप में बताई गई समय-सीमा के भीतर रिफंड/रिवर्सल की राशि को हस्तांतरित करने की पुष्टि नहीं करता है, तो रिफंड/रिवर्सल की राशि को बकाया राशि में समायोजित किया जाएगा।

रिफंड / असफल लेनदेन / रिवर्सल की वजह से किसी भी अतिरिक्त क्रेडिट की राशि को वनकार्ड ऐप में कार्डधारक द्वारा दिए गए अकाउंट में एक कटऑफ (क्रेडिट सीमा का 1% या ₹5000 जो भी कम हो) के बाद वापस हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

ऐसे रिफंड या रिवर्सल लेनदेन, जिन्हें मौजूदा और पिछले बिलिंग चक्र के भीतर पहचाना नहीं जा सका, उन्हें कार्ड पर पुनर्भुगतान माना जाएगा।

किसी भी संदिग्ध रिफंड /रिवर्सल लेनदेन कीउचित जांच की जाएगी तथा सत्यापन की प्रक्रिया की जाएगी। अगर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट रद्द कर दिया गया है, तो तो क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि कार्डधारक की पुष्टि पर ऐप के प्रोफाइल सेक्शन में दिए गए कार्डधारक के बैंक खाते में वापस कर दी जाएगी।

कार्डधारक के इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में मौजूद किसी भी क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

कार्डधारकों को अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में अतिरिक्त भुगतान करने की अनुमति नहीं है, ताकि अधिक मूल्य के ट्रांजैक्शन के लिए उनकी स्वीकृत क्रेडिट लिमिट को कृत्रिम रूप से बढ़ाया जा सके। अगर क्रेडिट लिमिट को बढ़ाने की जरूरत है, तो इसके लिए अलग से अनुरोध किया जा सकता है।

**D) डिफ़ॉल्ट और परिस्थितियाँ **

i) कार्डधारक को डिफ़ॉल्टर के रूप में रिपोर्ट करने के लिए नोटिस की अवधि सहित पूरी प्रक्रिया: अगर आप भुगतान की देय तिथि के 3 दिन बाद भी कम-से-कम न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तो बैंक द्वारा ऐसे इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को भुगतान नहीं करने वाले कार्ड के रूप में रिपोर्ट कर दिया जाएगा। न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं  करने से क्रेडिट कार्ड सेवाएं भी बंद हो सकती हैं।

ii) डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट को वापस लेने की प्रक्रिया और वह अवधि जिसके भीतर बकाया राशि की अदायगी के बाद डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट वापस ले ली जाएगी:

एक बार क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को सूचित करने के बाद रिपोर्ट को वापस लेना संभव नहीं है। हालाँकि, अगर आपकी ओर से बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है, तो

यह जानकारी अगले महीने में सीआईसी के साथ साझा करने के लिए बैंक को प्रदान की जाएगी।

iii) डिफ़ॉल्ट की स्थिति में वसूली की प्रक्रिया:

भुगतान में चूक की स्थिति में, आपको बकाया राशि की अदायगी के लिए एसएमएस, ईमेल, टेलीफोन, व्हाट्सएप और डाक द्वारा रिमाइंडर भेजे जाएंगे। अगर सूचना के सामान्य साधनों के जरिए आपकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो आपको याद दिलाने, आगे की कार्रवाई करने तथा बकाया राशि वसूलने के लिए तीसरे पक्ष की सहायता ली जा सकती है। आपके निवास स्थान/कार्यालय/फोन पर उपलब्ध आपके जीवनसाथी/पत्नी/माता-पिता/अन्य प्रत्यक्ष वयस्क पारिवारिक सदस्य/सचिव/लेखाकार या अन्य सहकर्मी के पास इससे संबंधित संदेश छोड़ा जा सकता है। नियुक्त किया गया ऐसा कोई भी तीसरा पक्ष ऋण वसूली से संबंधित आचरण नियमावली का पूरी तरह पालन करेगा।

(iv) कार्डधारक की दुर्घटनावश मृत्यु की स्थिति में देय राशि की वसूलीः

प्राथमिक कार्डधारक की आकस्मिक मृत्यु के मामले में, पूरी बकाया राशि (बिना बिल किए लेनदेन सहित) तुरंत बैंक को देय हो जाएगी। बैंक कार्डधारक के कानूनी उत्तराधिकारियों से संपर्क करेगा, उन्हें बकाया राशि के बारे में सूचना देगा तथा उनसे बकाया राशि चुकाने का अनुरोध करेगा। (v) कार्डधारक की स्वाभाविक मृत्यु के मामले में वसूली

कार्डधारक की स्वाभाविक मृत्यु/स्थायी रूप से अपंग हो जाने की स्थिति में, पूरी बकाया राशि (बिल नहीं किए गए ट्रांजैक्शन सहित) की तुरंत अदायगी करनी होगी तथा बैंक को देय होगी। बैंक को कार्डधारक की संपत्ति से कुल बकाया राशि वसूलने का अधिकार होगा। इस संबंध में, बैंक कार्डधारक के कानूनी उत्तराधिकारियों/धन/जमा/किसी भी वित्तीय संस्थान में उसके नाम से रखे गए खातों से कुल बकाया राशि वसूलने का भी हकदार होगा और कार्डधारक अपने बकाया की वसूली का अधिकार सीधे बैंक को सौंपता है।

**E) कार्ड सदस्यता की समाप्ति/निरस्तीकरण** 

i) कार्डधारक द्वारा कार्ड वापस करने की प्रक्रिया - देय सूचना -

a) आप किसी भी समय ग्राहक सेवा टीम को कॉल करके या उन्हें help@getonecard.app पर ई-मेल करके अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट को बंद करा सकते हैं। आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड से संबंधित पूरी बकाया राशि तथा ऋण / ईएमआई सुविधाओं (यदि लागू हो और/या लिया गया हो) का तुरंत भुगतान करना अनिवार्य होगा। किसी भी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को बंद करने के अनुरोध को 7 कार्य-दिवसों के भीतर स्वीकार कर लिया जाएगा, बशर्ते कार्डधारक द्वारा सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया हो।

b) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बंद होने के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी रिफंड/रिवर्सल के बारे में आपको सूचित किया जाएगा और स्वामित्व की पुष्टि करने के बाद वन को-ब्रांडेड ऐप के प्रोफाइल सेक्शन में जोड़े गए खाता नंबर पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिफंड कर दिया जाएगा।

c) एक बार वर्चुअल इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड सक्रिय हो जाने के बाद, आपको फिजिकल इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड भेजा जाएगा। अगर आप वर्चुअल कार्ड को सक्रिय करने के 6 महीने के भीतर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता रद्द करने का विकल्प चुनते हैं, तो ₹3,000 का शुल्क लगाया जाएगा। इसे कुल बकाया राशि में जोड़ा जाएगा और सभी बकाया राशि का भुगतान करने के बाद इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डअकाउंट बंद कर दिया जाएगा।

d) किसी भी वजह से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता समाप्त/निरस्त होने पर, चाहे वह कार्डधारक के कहने पर हो अथवा बैंक के कहने पर हो, कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के उपयोग से संबंधित सभी शुल्कों के भुगतान के लिए उत्तरदायी रहेगा।

e) आप विशेष रूप से स्वीकार करते हैं कि एक बार आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट बंद हो जाने के बाद, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के विशेषाधिकार (जिसमें सभी अर्जित लाभ और सेवाएं, रिडीम नहीं किये गए रिवॉर्ड पॉइंट आदि शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) रद्द हो जाते हैं। इसे फिर से बहाल करने की प्रक्रिया न तो स्वचालित होगी और न ही आनुषंगिक होगी, तथा यह पूरी तरह बैंक के विवेक पर निर्भर होगी।

f) दुरुपयोग से बचने के लिए, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड को नष्ट करने की सलाह दी जाती है, और ऐसा करते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि होलोग्राम, चुंबकीय पट्टी और चिप स्थायी रूप से नष्ट हो जाएँ।

g) आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट उसी स्थिति में बंद किया जाएगा, जब बैंक को उक्त इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट से संबंधित सभी देय और बकाया राशि का भुगतान प्राप्त हो जाए।

h) आप 1800 210 9111 पर फोन के माध्यम से ग्राहक सेवा को कॉल कर सकते हैं या बकाया राशि के भुगतान करने के बाद कार्ड को बंद करने के लिए वनकार्ड ऐप में टिकट दर्ज करा सकते हैं।

ii) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया

आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड तक आपकी पहुँच को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय रद्द या निरस्त किया जा सकता है, अगर व्यावसायिक या सुरक्षा कारणों से हमें ऐसा करना आवश्यक लगे, जिसमें निम्नलिखित बातें शामिल हो सकती हैं, लेकिन ये सिर्फ इन तक ही सीमित नहीं हैं:

a) भुगतान में देरी या अस्वीकृत भुगतान, क्रेडिट कार्ड का अनुचित उपयोग (भारतीय रिजर्व बैंक और विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन)।

b) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड आवेदन के साथ दी गई भ्रामक या गलत जानकारी/दस्तावेज।

c) अपने ग्राहक को जानें (KYC)/एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (AML)/आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (CFT) दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक जानकारी या दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफलता।

d) किसी भी प्राधिकरण, कानून की अदालत या पेशेवर निकाय या संघ द्वारा किसी भी दीवानी मुकदमेबाजी या आपराधिक अपराध/कार्यवाही में भागीदारी।

e) मौजूदा स्थितियों/अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण क्रेडिट नीति में बदलाव।

f) समय-समय पर निर्धारित स्तर से नीचे क्रेडिट स्कोर।

इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट बंद होने के बाद भी आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का वास्तविक बकाया विवरण मिलता रहेगा।

अगर आपने 1 साल से अधिक समय तक अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया गया है, तो हम आपको 30 दिनों के भीतर निष्क्रियता के बारे में सूचित करेंगे। कार्डधारक निम्नलिखित में से किसी भी तरीके का उपयोग करके अकाउंट को बंद होने से रोक सकता है -

डेबिट ट्रांजैक्शन करना (ऑनलाइन या ऑफ़लाइन)

ऐप में सहमति प्रदान करना

ऐप से कार्ड पिन सेट करना या बदलना

ऐप से ट्रांजेक्शन कंट्रोल सेट करना या उसमें बदलाव करना

ऐप से ट्रांजेक्शन की सीमा निर्धारित करना या उसमें बदलाव करना

ऐप से ओवरलिमिट कंट्रोल में बदलाव करना

ऐप से 'स्वाइप 2 पे' कंट्रोल में बदलाव करें, क्रेडिट सीमा बढ़ाने का विकल्प चुनें (यदि ग्राहक को विकल्प प्रदान किया गया हो)

**F) कार्ड का गुम होना/चोरी होना/दुरुपयोग होना **

i) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के गुम होने/चोरी होने/दुरुपयोग के मामले में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड खो गया है, चोरी हो गया है, गलत जगह पर रखा गया है, या यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन से छेड़छाड़ की गई है, तो तुरंत वनकार्ड ऐप से या 1800-210-9111 पर फोन के माध्यम से या help@getonecard.app पर ई-मेल के माध्यम से इसके बारे में सूचना दें।

अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड खो गया है, तो आप वनकार्ड ऐप से उस इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड को अस्थायी रूप से लॉक कर सकते हैं।

अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड गुम हो गया है या चोरी हो गया है, तो आप वनकार्ड ऐप से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में आपको एक नया कार्ड भेज दिया जाएगा। आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन को ऐप से भी रीसेट कर सकते हैं।

अगर वनकार्ड ऐप वाला मोबाइल फोन खो जाए या चोरी हो जाए, तो हमें तुरंत 1800-210-9111 पर कॉल करके इसकी सूचना दें। कृपया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड या फोन की चोरी की सूचना प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज करके पुलिस को दें और अनुरोध करने पर उसकी एक प्रति हमारे साथ साझा करें।

अगर आप अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर या ई-मेल एड्रेस बदलना चाहते हैं, तो आप हमें help@getonecard.app पर ई-मेल भेजकर सूचित कर सकते हैं।

ii) उपरोक्त (i) के मामले में कार्डधारक की देयता आरबीआई की ओर से 'ग्राहक सुरक्षा - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की सीमित देयता' पर दिनांक 6 जुलाई 2017 को जारी सर्कुलर नंबर DBR.No.Leg.BC.78/09.07.005/2017-18 के अनुसार है, जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है।

A. निम्नलिखित घटनाओं में अनधिकृत लेनदेन होने पर आपकी देनदारी शून्य होगी:

1. हमारी ओर से अंशदायी धोखाधड़ी/लापरवाही/कमी।
2. तीसरे पक्ष का उल्लंघन, जहाँ कमी सिस्टम में कहीं और मौजूद है और आप अनधिकृत लेनदेन के बारे में हमारी ओर से संदेश प्राप्त होने के 3 कार्य दिवसों के भीतर हमें सूचित करते हैं।

B. निम्नलिखित मामलों में अनधिकृत लेनदेन के कारण होने वाले नुकसान के लिए आप उत्तरदायी होंगे:

1. जिन मामलों में आपकी लापरवाही के कारण नुकसान हुआ है, जैसे कि आपने पेमेंट क्रेडेंशियल साझा किए हैं, तो आपकी ओर से हमें अनधिकृत लेनदेन की सूचना दिए जाने तक पूरे नुकसान का वहन आपको ही करना होगा। ऐसे अनधिकृत लेनदेन की सूचना देने के बाद होने वाले किसी भी नुकसान का वहन हम करेंगे।
2. जिन मामलों में अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की जिम्मेदारी न तो हमारी है और न ही आपकी है, बल्कि यह सिस्टम में कहीं और है, और जब ऐसे लेनदेन की हमें सूचना देने में आपकी ओर से देरी होती है (हमसे सूचना प्राप्त करने के 4-7 कार्य दिवसों के बाद), तो ऐसे प्रत्येक ट्रांजैक्शन के लिए आपकी देनदारी प्रति ट्रांजैक्शन मूल्य या नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित राशि (आरबीआई के अनुसार) जो भी कम हो, तक सीमित होगी।

3. इसके अलावा, अगर आपकी ओर से सूचना देने में 7 कार्य दिवसों से अधिक का विलंब हुआ है, तो ग्राहक की देनदारी बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

| ग्राहक की अधिकतम देनदारी | |
|---|---|
| संचार प्राप्त करने की तारीख से धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्टिंग का समय | ग्राहक की देनदारी |
| 3 कार्य दिवसों के भीतर | शून्य |
| 4-7 कार्य दिवसों के बीच | क्रेडिट कार्ड की सीमा <= ₹500000 : अधिकतम देनदारी <= ₹ 10000 क्रेडिट कार्ड की सीमा > ₹500000 : अधिकतम देनदारी <= ₹ 25000 |
| 7 कार्य दिवसों से अधिक | बैंक की स्वीकृत नीति के अनुसार |

कभी भी अपना वनकार्ड ऐप पिन और क्रेडिट कार्ड पिन किसी के साथ साझा न करें!

**G) प्रकटीकरण** 

i) बैंक मौजूदा शेष राशि, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड से जुड़ी ऋण/ईएमआई सुविधाएं (यदि लागू हो और/या ली गई हो), इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड/ऋण पर बकाया शेष राशि, भुगतान इतिहास आदि सहित क्रेडिट जानकारी को RBI द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों (CICs) के साथ साझा करेगा, जो क्रेडिट सूचना कंपनी (नियमन) अधिनियम, 2005 के अनुरूप होगा।

ii) आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित कुछ गतिविधियों को बैंक द्वारा एफ.पी.एल. टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ("एफ.पी.एल.") को आउटसोर्स किया जाता है, जो

बैंक का अधिकृत आउटसोर्स्ड टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता है। एफ.पी.एल. बैंक द्वारा अधिकृत है, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का प्रबंधन करता है।

iii) इन शर्तों में "हम" के सभी संदर्भों का मतलब बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता, जैसे कि एफ.पी.एल. टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (एफ.पी.एल.) से होगा, तथा ये सभी इसमें शामिल होंगे।

iv) बैंकों या नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ("एन.बी.एफ.सी.") द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों सहित सभी नियामक नियमों, निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन करने की पूरी जिम्मेदारी बैंकों की है। हम ऐसी कोई भी सेवा प्रदान नहीं करते हैं, जो बैंकों या एनबीएफसी द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करती हो।

v) बैंक जरूरत पड़ने पर वैधानिक प्राधिकरणों को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट का विवरण उपलब्ध कराएगा।

vi) लेन-देन के संबंध में प्राप्त सूचना को लेन-देन पूरा होने की पुष्टि नहीं माना जा सकता है।

vii) अगर आप हमसे दूसरे प्रोडक्ट्स के लिए कोई मार्केटिंग कॉल/ई-मेल प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो आप 'डू नॉट डिस्टर्ब' सेवा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और ऐसे ई-मेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करके प्रचार ईमेल का सब्सक्रिप्शन समाप्त भी कर सकते हैं।

viii) आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड के ट्रांजैक्शन और मुख्य विशेषताओं के बारे में संचार प्राप्त होता रहेगा। इस MITC दस्तावेज़, नियम एवं शर्तों, और FAQ की एक प्रति हमेशा www.getonecard.app पर उपलब्ध रहेगी।

ix) को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए वनकंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और बैंक के बीच व्यवस्था में ऐसे को-ब्रांड क्रेडिट कार्ड के संबंध में राजस्व का बंटवारा शामिल हो सकता है।

**H) शिकायत निवारण एवं क्षतिपूर्ति की संरचना**

i) शिकायतों के निवारण एवं उसे आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तथा शिकायत निवारण की समय-सीमा

a) शिकायत निवारण की समय-सीमा

अगर grievances@fplabs.tech से संपर्क करने के बाद भी आपकी शिकायत का संतोषजनक समाधान नहीं होता है, तो उस स्थिति में आप https://apps.indianbank.in/cgrc/frm_cgrs_cust_welcome.aspx पर बैंक से संपर्क कर सकते हैं।

अगर ऊपर बताए गए माध्यमों से संपर्क करने के बाद भी 30 दिनों से अधिक समय तक आपकी समस्या का समाधान नहीं होता है, या संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है, तो आप बैंकिंग लोकपाल को स्वतंत्र समीक्षा के लिए लिख सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल योजना का विवरण भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

ii) समाधान में देरी होने पर नीचे दी गई क्षतिपूर्ति की संरचना का पालन किया जाएगा।

| क्रमांक A | घटना का विवरण | देय मुआवजा |
|---|---|---|
| 1 | कार्ड बंद करने का अनुरोध, बशर्ते कोई बकाया भुगतान शेष न हो | T+7 कार्य दिवसों से अधिक देरी पर 500 रुपये + जी.एस.टी प्रतिदिन |
| 2 | पॉइंट ऑफ़ सेल/CNP ट्रांजैक्शन अकाउंट से डेबिट किया गया, लेकिन मर्चेंट द्वारा इसका निपटान नहीं किया गया | घरेलू के लिए T+5 दिन और अंतर्राष्ट्रीय के लिए T+7 दिन से अधिक की देरी पर 100 रुपये+ जी.एस.टी प्रति दिन |

iii) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण इस प्रकार है

कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण : https://indianbank.in/departments/quick-contact/

 अपने सवालों या अपनी समस्या को help@getonecard.app पर ई-मेल करें

 हमारे हेल्पलाइन नंबर 1800-210-9111 पर हमें कॉल करें

 हमें लिखें या हमसे मिलें: एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, वेस्ट बे, सर्वे नंबर 278, हिस्सा नंबर 4/3, पल्लोद फार्म, फेज II, बानेर, तालुका हवेली बानेर गांव, पुणे- 411045, महाराष्ट्र - भारत

.

अगर आप नियमित चैनलों द्वारा दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप grievances@fplabs.tech पर ई-मेल भेज सकते हैं।

**I) रिवॉर्ड प्वाइंट्स **

अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड कार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके, आप ऑटोमेटिक तरीके से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिवार्ड्स प्रोग्राम में नामांकित हो जाते हैं। जब आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से लेनदेन करते हैं, तो लेनदेन मूल्य और खरीद श्रेणी के आधार पर रिवॉर्ड पॉइंट आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में जमा कर दिए जाते हैं। इन रिवॉर्ड पॉइंट्स को जमा किया जा सकता है और इनका उपयोग अन्य खरीदारी के भुगतान के लिए किया जा सकता है या समय-समय पर वनकार्ड ऐप में दिखाए जाने वाले रोमांचक ऑफरों के लिए रिडीम किया जा सकता है। कृपया रिवॉर्ड्स कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए नियम एवं शर्तें देखें।

**J) रुपे क्रेडिट कार्ड**

वनकार्ड ऐप से अपने रुपे वर्चुअल कार्ड को सक्रिय करने, अथवा 'सबमिट' या 'मैं सहमत हूँ' या इसी तरह के किसी दूसरे टैब/आइकन पर क्लिक करने का मतलब यह होगा कि आप नीचे दिए गए नियमों और शर्तों को स्वीकार करते हैं।

1. वर्चुअल रुपे क्रेडिट कार्ड की कार्यक्षमता उन कार्डधारकों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो इसके लिए पात्र हैं और इसके लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।

2. रुपे क्रेडिट कार्ड का यह प्रावधान पूरी तरह से बैंक और हमारे विवेक पर निर्भर है और बैंक द्वारा किसी भी समय, आपको पूर्व सूचना दिए बिना या दिए बिना, इस पेशकश को बदला/रोका/बंद किया जा सकता है।

**सेवा की शर्तें**

इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड को "फ्लोटर कार्ड" और पहले जारी किए गए कार्ड को "मौजूदा कार्ड" कहा जाएगा।

1. इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड एक वर्चुअल कार्ड के रूप में जारी किया जाएगा, जिसे वनकार्ड ऐप के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा।

2. फ्लोटर कार्ड और मौजूदा कार्ड के बीच साझा की गई संयुक्त क्रेडिट सीमा वही होगी, जो मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर आपको पहले से ही दी गई सीमा है।

3. विवरण की तारीख मौजूदा कार्ड के समान ही रहेगी तथा मौजूदा कार्ड के सभी नियम व शर्तें लागू रहेंगी और मौजूदा कार्ड तथा फ्लोटर कार्ड दोनों के लिए केवल एक ही समेकित विवरण तैयार किया जाएगा।

4. कार्डधारक को मौजूदा और फ्लोटर कार्ड, दोनों के ऐसे समेकित विवरणों के लिए ऐप के माध्यम से एकीकृत पुनर्भुगतान करना होगा।

5. वर्चुअल रुपे कार्ड पर पीओएस लेनदेन को अक्षम कर दिया जाएगा।

7. रुपे वर्चुअल कार्ड पर किए गए किसी भी लेनदेन के लिए कार्डधारक किसी भी रिवॉर्ड के लिए पात्र नहीं होगा।

8. अगर आप अपने रुपे वर्चुअल कार्ड को बंद/रद्द करने का विकल्प चुनते हैं, तो आप इसके लिए दोबारा आवेदन नहीं कर पाएंगे, सिवाय इसके कि अगर किसी धोखाधड़ी वाले लेनदेन के कारण इसे बंद किया गया हो।

9. कार्ड के उपयोग से संबंधित ब्याज दरें, दंडात्मक प्रभार और अन्य शुल्क/आकस्मिक शुल्क फ्लोटर कार्ड पर लागू सीमा तक विद्यमान एमआईटीसी और मुख्य तथ्य विवरण में उल्लिखित के समान ही बने रहेंगे।

10. फ्लोटर कार्ड में वही मोबाइल नंबर जुड़ा होगा, जो मौजूदा कार्ड में है

11. रुपे फ्लोटर क्रेडिट कार्ड का उपयोग निम्नलिखित एमसीसी पर प्रतिबंधित है:

| # | एम. सी. सी. कोड (यदि लागू हो) | स्वरूप |
|---|---|---|
| 1 | 0000 | पी2पी (पीयर टू पीयर) |
| 2 | 7407 | पी2पीएम (पीयर टू पीयर मर्चेंट) |
| 3 | 7409 | डिजिटल खाता खोलना |
| 4 | 7408 | लैंडिंग प्लेटफार्म |
| 5 | 6010 | मर्चेंट पर नकद निकासी |
| 6 | लागू नहीं | ए. टी. एम. से नकद निकासी |
| 7 | लागू नहीं | ERUPI (सरकारी सब्सिडी आदि के लिए यू. पी. आई. वाउचर) |
| 8 | 6211 | आई. पी. ओ. (उद्देश्य कोडः 01) |
| 9 | लागू नहीं | विदेश से आवक धन-प्रेषण |
| 10 | लागू नहीं | म्यूचुअल फंड |

| # | एम. सी. सी. कोड (यदि लागू हो) | स्वरूप |
|---|---|---|
| 11 | 4829 | वायर ट्रांसफर/मनी ऑर्डर |
| 12 | 5413 | क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान |
| 13 | 6010 | वित्तीय संस्थान-हाथ से नकद वितरण |
| 14 | 6011 | वित्तीय संस्थान-स्वचालित नकद वितरण |
| 15 | 6012 | वित्तीय संस्थान-वस्तु एवं सेवाएँ |
| 16 | 6013 | आई.सी.सी.डब्ल्यू. के माध्यम से नकद निकासी (इंटरऑपरेबल कार्डलेस नकद निकासी) |
| 17 | 6051 | गैर-वित्तीय संस्थान-विदेशी मुद्रा, मनी ऑर्डर (वायर ट्रांसफर नहीं), स्क्रिप और यात्रियों के चेक |
| 18 | 6211 | सिक्योरिटीज़ - ब्रोकर और डीलर/आई.पी.ओ. |
| 19 | 7322 | ऋण वसूली एजेंसियाँ |
| 20 | 7800 | सरकार के स्वामित्व वाली लॉटरी |
| 21 | 7801 | सरकारी लाइसेंस प्राप्त कैसिनो |
| 22 | 7802 | सरकारी लाइसेंस प्राप्त कुत्ता/घोड़े की दौड़ |
| 23 | 7995 | सट्टेबाजी, जिसमें लॉटरी टिकट, कैसिनो गेमिंग चिप्स, ऑफ-ट्रैक सट्टेबाजी और रेस ट्रैक पर दांव शामिल हैं |
| 24 | 9406 | सरकार के स्वामित्व वाली लॉटरी |

**रुपे क्रेडिट कार्ड पर यू.पी.आई.**

- यू.पी.आई. पर रुपे क्रेडिट कार्ड की कार्यक्षमता उन इंडियन बैंक वन क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी, जो मानदंडों को पूरा करते हैं।
- यह प्रावधान पूरी तरह से हमारे विवेक के आधार पर किया गया है और आपको पूर्व सूचना दिए बिना या बिना किसी भी समय पेशकश में बदलाव/रोक/बंद किया जा सकता है।

**सेवा की शर्तें**

1. यह सुविधा आपके अनुरोध पर इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड की मंजूरी के अधीन प्रदान की जाएगी
2. कार्डधारक के प्राथमिक क्रेडिट कार्ड मोबाइल नंबर का उपयोग इंडियन बैंक वन रूपे क्रेडिट कार्ड के सेटअप के लिए किया जाएगा और इसका उपयोग यू.पी.आई. आधारित लेनदेन के लिए किया जाएगा।
3. कार्डधारकों को इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड पर यू.पी.आई. कार्यक्षमता को सक्रिय करने के लिए 6 अंकों का यू.पी.आई. पिन सेट करना होगा और सभी यू.पी.आई. भुगतान 6 अंकों के यू.पी.आई. पिन का उपयोग करके प्रमाणित किए जाएंगे। यू.पी.आई. लेनदेन को प्रमाणित करने के लिए 4 अंकों वाले क्रेडिट कार्ड पिन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. रुपे वर्चुअल क्रेडिट कार्ड को सक्रिय करना, कार्ड पर यू.पी.आई. की सुविधा शुरू करने के लिए ग्राहक की सहमति माना जाएगा।
5. कार्डधारक केवल रुपे नेटवर्क पर अनुमत पी2एम लेनदेन ही कर सकता है।
6. पी2पी, पी2पीएम, डिजिटल अकाउंट खोलना, लैंडिंग प्लेटफॉर्म, मर्चेंट के पास नकद निकासी, एटीएम से नकद निकासी, ERUPI, आईपीओ, विदेशी आवक धन-प्रेषण, म्यूचुअल फंड और बैंक तथा आरबीआई द्वारा प्रतिबंधित किसी भी अन्य श्रेणी में लेनदेन की अनुमति नहीं है।

7. क्रेडिट कार्ड पर यू.पी.आई. की सुविधा, इंडियन बैंक द्वारा आपको प्रदान की गई क्रेडिट कार्ड सीमाओं और सभी यूपीआई लेनदेन के लिए एन.पी.सी.आई. द्वारा निर्धारित मौजूदा यूपीआई लेनदेन सीमाओं (जो भी कम हो) दोनों के अधीन होगी।
8. क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लागू सभी शुल्क, वित्त प्रभार, सरचार्ज या मार्क-अप, क्रेडिट कार्ड के जरिए यू.पी.आई. लेनदेन पर भी लागू होंगे।
9. क्रेडिट कार्ड पर यू.पी.आई. ट्रांजेक्शन से नकद निकासी की अनुमति नहीं होगी।
10. क्रेडिट कार्ड पर यू.पी.आई. से किया गया कोई भी लेनदेन आपकी मौजूदा क्रेडिट कार्ड सीमा से काट लिया जाएगा।
11. यूपीआई पर इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड को धनराशि प्राप्त करने के लिए डिफ़ॉल्ट विकल्प के रूप में सेट नहीं किया जा सकता।
12. इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण या उसे बदले जाने के मामले में, कार्डधारक को अपडेट किए गए क्रेडिट कार्ड विवरण के साथ यू.पी.आई. ऐप पर फिर से पंजीकरण करना होगा।
13. डिवाइस बदलने की स्थिति में, कार्डधारक को उसी सिम के साथ यू.पी.आई. ऐप पर क्रेडिट कार्ड के लिए फिर से पंजीकरण करना होगा।
14. जारी किए गए इंडियन बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके यू.पी.आई. पर लेनदेन की सीमा होगी:

- प्रति कार्ड प्रतिदिन राशि की सीमा यूपीआई की सीमा तक हो सकती है (यानी 1 लाख रुपये प्रतिदिन, कुछ विशेष एमसीसी कोड के लिए 2 लाख रुपये, जैसे 5960, 6300 और 6529 - बीमा और अस्पतालों और शैक्षणिक सेवाओं से जुड़ी श्रेणियों के अंतर्गत सत्यापित व्यापारियों के लिए 5 लाख रुपये तक, अस्पतालों के लिए एमसीसी कोड 8011, 8021, 8031, 8041, 8042, 8049, 8050, 8062, 8071, 8099 और 0742 और शैक्षणिक संस्थानों के लिए 8211, 8220, 8241, 8244, 8249 और 8299 हैं)।

- पहले सफल लेनदेन के बाद पहले दिन और पहले लेनदेन सहित प्रति कार्ड राशि सीमा ₹5,000/दिन (24 घंटे की अवधि) है।

**K) विशेष उल्लेख खाते (एसएमए) और अनर्जक परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकरण**

इंडियन बैंक द्वारा जारी इस दिनांक को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के रूप में मेरे द्वारा प्राप्त की जा रही वित्तीय सहायता/ऋण सुविधा के संदर्भ में, मैं इस बात की पुष्टि करता/करती हूँ कि, मैंने खातों के संचालन के दौरान देय तिथियों, उधारकर्ता खातों को विशेष उल्लेख खाता ("एसएमए") या अनर्जक परिसंपत्ति ("एनपीए") के रूप में वर्गीकृत किये जाने से संबंधित अवधारणाओं और व्याख्यात्मक उदाहरणों (जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है) को अच्छी तरह समझ लिया है।

नियत तिथियों से संबंधित अवधारणाएँ / स्पष्टीकरण / व्याख्यात्मक उदाहरण तथा SMA / NPA वर्गीकरण तिथियों का विवरण।

बकाया: बकाया का मतलब है, मूलधन/ब्याज/ऋण खाते पर लगाया गया कोई भी शुल्क, जो ऋण सुविधा की स्वीकृति की शर्तों के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर देय हैं।

अतिदेय: अतिदेय का मतलब है, मूलधन/ब्याज/ऋण खाते पर लगाया गया कोई भी शुल्क जो देय है, लेकिन ऋण सुविधा की मंजूरी की शर्तों के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान 13 नहीं किया गया है। दूसरे शब्दों में, किसी भी ऋण सुविधा के अंतर्गत बैंक को देय कोई भी राशि 'अतिदेय' कहलाती है, यदि उसका भुगतान बैंक द्वारा निर्धारित तिथि पर नहीं किया जाता है।

ऋण देने वाली संस्था (यानी इंडियन बैंक) डिफॉल्ट होने की स्थिति में ऋण खातों पर शुरुआती दबाव को तुरंत ही पहचान लेगी और उसे एसएमए के रूप में वर्गीकृत करेगी। एसएमए श्रेणी के वर्गीकरण का आधार इस प्रकार होगा:

| सावधि ऋण/क्रेडिट कार्ड के स्वरूप वाले ऋण | |
|---|---|
| एसएमए की उप-श्रेणियाँ | वर्गीकरण का आधार = मूलधन या ब्याज का भुगतान अथवा कोई अन्य राशि जो पूरी तरह से उस आंशिक रूप से अतिदेय हो |
| SMA-0 | 30 दिनों तक |
| SMA-1 | 30 दिन से अधिक और 60 दिन तक |
| SMA-2 | 60 दिनों से अधिक और 90 दिनों तक |

**अनर्जक परिसंपत्ति:**

I. अगर विवरण में दिए गए न्यूनतम देय राशि का भुगतान उसमें बताई गई देय तिथि से 90 दिनों के भीतर पूरी तरह से नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उस क्रेडिट कार्ड खाते को अनर्जक परिसंपत्ति माना जाएगा।

II. बकाया राशि के भुगतान में देरी/भुगतान नहीं किए जाने के आधार पर खाते को एसएमए श्रेणी से एनपीए श्रेणी में वर्गीकृत करने तथा दिन के अंत में मानक श्रेणी में अपग्रेड करने की प्रक्रिया का उदाहरण:

| भुगतान की देय तिथि | भुगतान की तिथि | भुगतान कवर | सबसे पुरानी देय राशि की अवधि (दिनों में) | SMA / NPA वर्गीकरण | SMA के शुरुआत की तिथि / SMA वर्गीकरण की तिथि | एनपीए वर्गीकरण | NPA तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.01.2022 | 01.01.2022 | 01.01.2022 तक का पूरा बकाया | 0 | शून्य | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.02.2022 | 01.02.2022 | 01.02.2022 के बकाया का आंशिक भुगतान किया गया | 1 | SMA 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.02.2022 | 02.02.2022 | 01.02.2022 के बकाया का आंशिक भुगतान किया गया | 2 | SMA 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.03.2022 | | 01.02.2022 का बकाया पूरी तरह से भुगतान नहीं किया गया 01.03.2022 दिन के अंत तक 01.03.2022 का भी बकाया है | 29 | SMA 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 के बकाया का पूरा भुगतान किया गया 01.03.2022 के लिए बकाया 01.03.2022 दिन के अंत तक भुगतान नहीं किया गया | 1 | SMA 0 | 01.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 03.03.2022 दिन के अंत तक 01.02.2022 और 01.03.2022 के पूर्ण बकाये का भुगतान नहीं किया गया | 31 | SMA 1 | 01.02.2022/03.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 के बकाया का पूरा भुगतान किया गया 01.03.2022 के लिए देय राशि का 01.03.2022 दिन के अंत तक पूर्ण भुगतान नहीं किया गया | 1 | SMA 0 | 01.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.04.2022 | | 01.02.2022, 01.03.2022 के बकाये तथा 01.4.2022 को देय राशि का भुगतान 01.04.2022 दिन के अंत तक नहीं किया गया | 60 | SMA 1 | 01.02.2022 / 03.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 02.04.2022 दिन के अंत तक 01.02.2022 से 01.04.2022 तक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया | 61 | SMA 2 | 01.02.2022 / 02.04.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.05.2022 | | 01.02.2022 से 01.05.2022 तक की बकाया राशि का भुगतान 01.05.2022 दिन के अंत तक नहीं किया गया | 90 | SMA 2 | 01.02.2022 / 02.04.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 से 01.05.22 तक बकाया राशि का भुगतान 02.05.2022 दिन के अंत तक नहीं किया गया | 91 | NPA वर्गीकरण | लागू नहीं | NPA वर्गीकरण | 2.05.2022 |
| 01.06.2022 | 01.06.2022 | 01.02.2022 की पूरी बकाया राशि का भुगतान 01.06.2022 दिन के अंत तक किया गया | 93 | NPA | लागू नहीं | NPA | 2.05.2022 |
| 01.07.2022 | 01.07.2022 | 01.03.2022 और 01.04.2022 को संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान 01.07.2022 दिन के अंत तक किया गया | 62 | NPA वर्गीकरण | लागू नहीं | NPA वर्गीकरण | 2.05.2022 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.08.2022 | 01.08.2022 | 01.05.2022 और 01.06.2022 की पूरी बकाया राशि का भुगतान 01.08.2022 दिन के अंत तक किया गया | 32 | NPA वर्गीकरण | लागू नहीं | NPA वर्गीकरण | 2.05.2022 |
| 01.09.2022 | 01.09.2022 | 01.07.2022 और 01.08.2022 की पूरी बकाया राशि का भुगतान 01.09.2022 दिन के अंत तक किया गया, लेकिन 01.09.2022 की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया | 1 | NPA वर्गीकरण | लागू नहीं | NPA वर्गीकरण | 2.05.2022 |
| 01.10.2022 | 01.10.2022 | 01.09.2022 और 01.10.2022 की पूरी बकाया राशि का भुगतान किया गया | 0 | बिना किसी अतिदेय के मानक खाता | लागू नहीं | लागू नहीं | 01.10.2022 से एसटीडी |

मैं/हम यह भी समझता हूँ/ समझते हैं कि ऊपर दिए गए कुछ उदाहरण केवल व्याख्यात्मक हैं तथा यह अपने आप में संपूर्ण नहीं है, जिसमें कुछ सामान्य परिस्थितियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा, ऊपर बताए गए विषयों के संदर्भ में आरबीआई द्वारा दिए गए IRACP मानदंड और स्पष्टीकरण मान्य होंगे।

**महत्वपूर्ण नियामक जानकारी**

I. आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड भारत के साथ-साथ विदेश में भी उपयोग के लिए मान्य है। हालाँकि, यह नेपाल और भूटान में विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए मान्य नहीं है।

II. इंटरनेट ट्रेडिंग पोर्टल के जरिए विदेशी मुद्रा में ट्रेडिंग की अनुमति नहीं है। किसी भी नियम का उल्लंघन करने या अनुपालन करने में विफल रहने पर, आप दंडात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं और/या आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बंद किया जा सकता है।

**घोषणा और सहमतिः**

मैं एतद्द्वारा स्वीकार करता/करती हूँ कि मैंने वनकंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में बैंक द्वारा जारी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है। मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी उम्र 18 साल से अधिक है और मैं भारत का/की निवासी हूँ। मैं घोषणा करता  मैं घोषणा करता/करती हूँ कि, इस आवेदन के भाग के रूप में दिए गए सभी विवरण और सूचनाएं सत्य, सही और पूर्ण हैं तथा बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाता इन विवरणों को सीधे या किसी तीसरे पक्ष के एजेंट के माध्यम से सत्यापित करने के हकदार हैं। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाता अपने विवेकानुसार, बिना कोई कारण बताए, इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए इस आवेदन को मंजूर अथवा नामंजूर कर सकते हैं। मैं अपनी ओर से मूल रूप से प्रस्तुत किए गए आवेदन क्रेडेंशियल में किसी भी बदलाव के बारे में बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाताओं को सूचित करने और आवेदन को संसाधित करने और/या इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर निरंतर उपयोग के लिए आवश्यक कोई भी अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने का वचन देता/ देती हूँ।

मैं एतद्द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड (बैंक और एफपीएल सहित) को अधिकृत करता/करती हूँ और स्पष्ट सहमति देता/ देती हूँ कि वे मुझे बिना कोई नोटिस दिए, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के संबंध में मेरे द्वारा निष्पादित या प्रस्तुत किसी भी आवेदन पत्र या संबंधित दस्तावेजों में मेरे द्वारा प्रदान की गई मेरी व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) और अन्य गैर-व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी (एनआईआई) को बैंक की अन्य शाखाओं, बैंक की सहायक या सहयोगी कंपनियों, क्रेडिट सूचना ब्यूरो, रेटिंग एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, सेवा भागीदारों (किसी भी बीमा भागीदारों सहित) अन्य बैंकों या वित्तीय संस्थानों, सरकारी/नियामक प्राधिकरणों या तीसरे पक्षों को केवाईसी सत्यापन, बैंक खाता विवरण सत्यापन, क्रेडिट जोखिम विश्लेषण, या अन्य संबंधित उद्देश्यों के लिए प्रकट कर सकते हैं, जिन्हें बैंक और/या इसके अधिकृत सेवा प्रदाता मेरे आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने और/या बैंक और/या इसके अधिकृत सेवा प्रदाताओं के निरंतर उपयोग के लिए और/या किसी अन्य विपणन उद्देश्यों के लिए उपयुक्त समझे। मैं विशेष रूप से गोपनीयता और अनुबंध की निजता के विशेषाधिकार का त्याग करता/करती हूँ।

* * * * * * * * * * समाप्त* * * * * * * * *